# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 20 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 114

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गृह मंत्रालय के अधिकारी की पत्नी ने पांचवी मंजिल से कूद कर दी जान

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा की सेक्टर-62 की एक सोसायटी में एक महिला ने पांचवें फ्लोर से कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला का पति गृह मंत्रालय में अधिकारी है। महिला ने पीएचडी की हुई थी। वह पांच साल से वे डिप्रेशन की शिकार थी। उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव कोपोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सेक्टर-62 के इरोज अपार्टमेंट में सबा अब्बास सिद्दकी अपने पति ओबिद सिद्दीकी के साथ रहती थीं। दोनों अपॉर्टमेंट में अकेले रहते थे। बुधवार रात में जिस समय महिला ने कूदकर आत्महत्या की पति सो रहे थे। त्रिवेदी ने बताया कि गंभीर हालत में शबा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया है की सबा के पति ओबिद सिद्दीकी गृह मंत्रालय में नौकरी करते हैं। इस मामले में कोई शिकायत आती है तो जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि महिला की उम्र करीब 47 साल थी। गौरतलब है कि शहर में हाईराइज इमारतों से कूदकर जान देने के मामले बढ़े है। इससे पहले भी कई महिलाएं हाईराइज इमारत से कूदकर जान दे चुकी है।

### सी-टीईटी पेपर लीक मामले में कोचिंग संचालक लखनऊ से गिरफ्तार

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ पुलिस ने एक कोचिंग संस्थान के मालिक को सी-टीईटी (केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा) परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने और उम्मीदवारों से पैसे वसूलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमित सिंह के रूप में हुई है, जिसे स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने कालेवम चौराहा से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की टीम ने आरोपी के कब्जे से तीन मोबाइल फोन, प्रश्न पत्र, एडमिट कार्ड की फोटोकॉपी, पांच चेक बुक, चार पास बुक, एक लैपटॉप और 510 रुपये नकद भी बरामद किया है। एसटीएफ के एक बयान में कहा गया है, पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह लखनऊ में द मास्टर हब नाम से एक कोचिंग सेंटर चलाता है। वह पीएचडी है और प्रश्न पत्र लीक करने वाले संगठित गिरोह का हिस्सा है। उसके साथियों में महक सिंह, विवेक शर्मा, परितोष तिवारी, लक्ष्मी नारायण सिंह और विनय राय शामिल हैं। एक दिन पहले एसटीएफ ने मेरठ में दो लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपी 2021 में हुई सी-टीईटी परीक्षा के प्रश्नपत्रों को लीक करने में भी शामिल थे।

### मैट्रिमोनियल साइट पर महिला के साथ ठगी

**लखनऊ (आरएनएस)।** एक वैवाहिक वेबसाइट के जरिए मिले एक व्यक्ति ने एक महिला से तीन लाख रुपये ठग लिए। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि अक्टूबर 2021 में अरेंज मैरिज करने वाली वेबसाइट के जरिए उसकी वाराणसी के आरोपी नंद लाल यादव से मुलाकात हुई थी। नंदलाल महिला से बात करता रहा और उससे शादी करने का प्रस्ताव रखा और लडक़ी के परिवार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। आरोपी ने पीड़िता के संपर्क में रहकर उसका विश्वास जीत लिया और बाद में पैसे की मांग की जो उसके दोस्त को किसी जरूरी काम के लिए चाहिए था। महिला ने उसके दिए बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर करने के बाद आरोपी गायब हो गया और फोन रिसीव करना भी बंद कर दिया। इस पर महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## ‘वॉटर वार’ का प्लान बना रहा चीन! भारत ने भी कसी कमर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चीन के साथ भारत के संबंध काफी तनावपूर्ण हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हाल के दिनों में दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव की भी खबर आई। भारत के साथ चीन ‘जल युद्ध’ लडऩे की तैयार में है। चीन के रुख को भांपते हुए अब दिल्ली सरकार उसे इस चाल में भी मात देने की तैयारी में जुट गई है। भारत नहीं चाहता कि वह किसी भी मोर्चे पर चीन से कमजोर साबित हो, ऐसे में उसने अरुणाचल प्रदेश में चीन की नई चाल के खिलाफ घेरेबंदी शुरू कर दी है।

भारत सरकार ने अरुणाचल के सुबानसिरी में चल रहे 11 हजार मेगावाट के हाईड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को फास्टट्रैक पर डाल दिया है। इसके अलावा उसने पहले से तीन स्थापित प्रोजेक्ट के विस्तार का काम भी शुरू कर दिया है।



चीन की नई चाल भारत के साथ ‘जल युद्ध’ लडऩे की है। वह भारत को सूखे या फिर बाढ़ से नुकसान पहुंचाना चाहता है। इसके लिए चीन अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास यारलुंग जैंगबो नदी(ब्रह्मपुत्र) पर 60 हजार मेगावाट का डैम बना रहा है, जिसने भारत की चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों को चिंता है कि चीन इस डैम के जरिए ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को डाइवर्ट कर सकता है, या फिर पानी को छोडक़र भारत में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो अरुणाचल प्रदेश, असम, समेत कई राज्यों में समस्या उत्पन्न होगी, साथ ही बांग्लादेश पर भी असर पड़ेगा।

चीन को ‘जल युद्ध’ के मोर्चे पर भी करार जवाब देने के लिए भारत ने कमर कस ली है। अरुणाचल प्रदेश में डैम प्रोजेक्ट के काम को तेज कर दिया गया है, उधर 2000 मेगावाट वाला सुबंसीरी प्रोजेक्ट इस साल के मध्य में तैयार हो जाएगा। इसके आलवा अन्य हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट भी लाइन में हैं। ये प्रोजेक्ट एक साल तक पानी स्टोर कर सकते हैं। अगर चीन डैम के जरिए पानी छोड़ता है, तो उसे रोका भी जा जकता है।

बता दें, भारत के लिए ब्रह्मपुत्र नदी काफी अहम है। यह नदी का 30 प्रतिशत ताजे पानी का स्रोत है, तो 40 प्रतिशत बिजली उत्पादन भी इसी से होता है। वहीं इस नदी का 50 फीसदी हिस्सा चीन में पड़ता है, जिस पर वह डैम बना रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने गूगल से कहा : प्रभुत्व के मामले में आप अपने अधिकारों पर करें गौर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) पर रोक लगाने की तकनीकी दिग्गज की याचिका पर सुनवाई करते हुए गूगल के वकील से कहा कि प्रभुत्व के मामले में उसके पास किस तरह का अधिकार है, इस पर गौर करें। प्रतिस्पर्धा आयोग ने उस पर 1,337 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने गूगल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एम. सिंघवी से कहा, डॉ. सिंघवी, आपने हमें डेटा के संदर्भ में जो कुछ भी दिया है, वह वास्तव में आपके तर्क के विरुद्ध है।

प्रभुत्व डेटा के संदर्भ में आप किस प्रकार के प्राधिकार को देखते हैं, यह 15,000 एंड्रॉइड मॉडल, 500 मिलियन संगत डिवाइस 1500 ओईएम को इंगित करता है। जब आपके पास उस तरह का बाजार होता है, तो आप जोर देकर कहते हैं कि मेरे पास मेरा गुलदस्ता है, आप सीधे प्रभावित कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ओईएम जो करता है, उसका अंतिम उपभोक्ता पर असर पड़ता है।




सिंघवी ने कहा, मैं इस पारिस्थितिकी तंत्र में अन्य खिलाडिय़ों में से एक हूं, और लोग गूगल प्ले स्टोर को उसकी उत्कृष्टता के कारण चुनते हैं न कि प्रभुत्व के कारण।

उन्होंने प्रश्न किया कि यदि एंड्रायड नहीं होता, तो क्या टेलीफोनी में यह क्रांति हुई होती? सिंघवी ने तर्क दिया कि यह मुफ़्त है, अनन्य नहीं है, आप और क्या कर सकते हैं?

11 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) के एक फैसले के खिलाफ गूगल की एक अपील की जांच करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा लगाए गए 1,337.76 करोड़ रुपये के जुर्माने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। एनसीएलएटी में झटके के बाद गूगल ने शीर्ष अदालत का रुख किया।

## हैदराबाद की बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**हैदराबाद (आरएनएस)।** सिकंदराबाद में गुरुवार को एक बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर में भीषण आग लग गई, जो आसपास की दो इमारतों में फैल गई। अग्निशमन कर्मियों ने चार लोगों को बचा लिया, लेकिन दो अन्य के अभी भी अंदर फंसे होने की आशंका है।

दमकल की छह गाडिय़ां चार घंटे से अधिक समय से आग बुझाने में लगी हुई हैं।

इमारत में धुएं का गुबार छा गया, जिससे बचाव अभियान मुश्किल हो गया। धुएं के कारण दो दमकलकर्मी घायल और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

सिकंदराबाद के रामगोपालपेट इलाके के नल्लागुट्टा में पांच मंजिला इमारत डेक्कन स्पोर्ट्स स्टोर और कुछ



अन्य दुकानों में आग लग गई।

पुलिस और दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

आग अगल-बगल की दो इमारतों में फैल गई, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। प्रशासन एहतियात के तौर पर आसपास के घरों को खाली करा रहा है।

गोदाम में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

मौके पर पहुंचे राज्य मंत्री टी. श्रीनिवास यादव बचाव और राहत कार्य की निगरानी कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि आवासीय क्षेत्रों के बीच अवैध गोदामों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि वे लोगों के जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।

## दो महिला सिपाहियों ने दिखाई हिम्मत, बैंक लूटने से बचाया

**हाजीपुर (आरएनएस)।** बिहार में एक तरफ जहां रोज लूट, हत्या की खबरें सुनने को मिलती हैं, वही दूसरी ओर वैशाली जिले से सुकून और पुलिस की जांबाजी की खबर भी सामने आई हैं। यहां दो जाबांज महिला कांस्टेबल (सिपाही) ने अपनी हिम्मत और कर्तव्यपरायणता का उदाहरण पेश कर एक बैंक को लूटने से बचा लिया। वैशाली के पुलिस अधीक्षक अब इन दोनो महिला सिपाहियों की जांबाजी से खुश होकर पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

पुलिस के मुताबिक सदर थाना क्षेत्र के सेन्दुआरी चौक स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में बुधवार को महिला कांस्टेबल शांति कुमारी और जूही कुमारी अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। बैंक में सारे कार्य चल रहे थे। इसी बीच चार बाइक पर सवार



होकर चार बदमाश बैंक के बाहर पहुंचे। इनमे से मास्क लगाए दो बदमाश बैंक अंदर जाने लगे।

इस पर सुरक्षा में तैनात सिपाहियों ने मास्क उतारने और पासबुक दिखाने को कहा। सिपाहियों की इस मांग पर बदमाश भडक़ गए और पिस्तौल निकालकर तान दिया।

महिला सिपाही भी अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए उनसे भिड़ गई। बदमाशों ने इन सिपाहियों से हथियार छीनने की भी कोशिश की, जिसमें महिला सिपाहियों को हल्की चोट भी लगी।

दोनों महिला सिपाही जब फायरिंग की पोजिशन में आईं, तो बदमाश भाग खड़े हुए। इस दौरान बदमाश अपनी मोटर साइकिल भी छोड़ गए।

घटना की सूचना मिलते ही वैशाली के पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी करने में पुलिस जुटी है। उन्होंने कहा कि जांबाज महिला सिपाहियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## औरैया के दो इलाकों के मकानों में आई दरारें, पीडब्ल्यूडी ने शुरू की जांच

**औरैया (आरएनएस)।** उत्तराखंड के जोशीमठ और कर्णप्रयाग और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ और बागपत के बाद उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में करीब 15 घरों में दरारें आ गई हैं। जिले के मदार दरवाजा और विधि चंद्र इलाकों में घरों में दरारें आने की सूचना है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की, हालांकि घरों में दरारें आने के सही कारण का पता लगाना अभी बाकी है।

दोनों इलाकों में लगभग 1,000 से 1,300 घर हैं। यहां बने कुछ पक्के मकानों में पिछले कुछ महीनों में दरारें दिखने लगी हैं।

शुरुआत में स्थानीय लोगों ने इसकी वजह बारिश को माना। बाद में 15 से अधिक मकानों की नींव, छत व दीवारों में दरारें आने से लोग सहम गए, जिससे



जिला प्रशासन सतर्क हो गया।

वर्तमान में समस्या दो इलाकों में रहने वाले 15 लोगों और कुछ अन्य लोगों के घरों में मौजूद है।

विधीचंद्र मोहल्ले के मूलचंद्र अग्रवाल, जिनके घर में दरारें आ रही हैं, कहते हैं, इस घर में हमने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई लगा दी है, अब समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें. अभी तो हमने पड़ोस के मोहल्ले में किराये के घर में शिफ्ट होने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा, प्रशासन अभी बहुत गंभीर नहीं दिख रहा है। हमने इसकी जानकारी अधिकारियों को काफी पहले ही दे दी है, लेकिन यह स्थिति क्यों बनी है, यह अभी पता नहीं चल पाया है.

मदार दरवाजा के घरों में भी दरारें आ गई हैं।

फर्श पर लगा पत्थर भी दरक गया है और लिंटेल के बीच में दरार आ गई है।

जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ घरों में दरारें आने का मामला सामने आया है.

उन्होंने कहा, पीडब्ल्यूडी की एक टीम ने घरों का निरीक्षण किया है और सही कारण रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

कार्यपालक अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव ने बताया कि प्रथमदृष्टया घरों में दरार का कारण नलकूप से पानी का रिसाव माना जा रहा है, हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## ट्रेन में नाबालिग से रेप के आरोप में रेल कर्मचारी गिरफ्तार

**इटावा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन में घर से भागी नाबालिग लडक़ी के साथ बलात्कार किया गया। 15 जनवरी को हुई इस घटना के लिए रेलवे के कैरिज और वैगन विभाग के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक झांसी की रहने वाली लडक़ी अपने माता-पिता द्वारा डांटे जाने के बाद महोबा में अपने दादा के घर जाने के लिए घर से निकल गई थी।

हालांकि गलती से वह इटावा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई। रात में जब ट्रेन इटावा पहुंची तो सभी यात्री उतर गए और छात्रा वहीं बैठी रही। बाद में ट्रेन की सफाई करने आए नगर निगम के एक कर्मचारी ने ट्रेन में उसके साथ दुष्कर्म किया।

अगली सुबह लडक़ी ने एक अन्य यात्री से फोन लिया और अपने परिवार के सदस्यों से बात की और उन्हें इटावा रेलवे स्टेशन से वापस ले जाने के लिए कहा। जब लडक़ी अपने माता-पिता के साथ अपने घर झांसी पहुंची, तो उसने आपबीती सुनाई।

बाद में लडक़ी के परिजन इटावा आए और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आगरा जीआरपी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मोहम्मद मुश्ताक ने कहा, जीआरपी ने आरोपी को इटावा रेलवे स्टेशन के पास माल गोदाम इलाके से गिरफ्तार किया।

एसपी ने बताया कि आरोपी राज कपूर यादव इटावा रेलवे के कैरेज एंड वैगन विभाग में सिविक वर्कर के पद पर तैनात है। उन्होंने कहा, पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपना अपराध भी कबूल कर लिया है। उसे जेल भेज दिया गया है।

## राजस्थान में दो करोड़ रुपए रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार एसओजी एएसपी दिव्या मित्तल निलंबित

**जयपुर (आरएनएस)।** दो करोड़ रुपए रिश्वत मामले में गिरफ्तार अजमेर एसओजी इकाई की एएसपी दिव्या मित्तल को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गृहमंत्रालय ने आज ही इस बारे में आदेश जारी किए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने अजमेर में एएसपी दिव्या मित्तल को गिरफ्तार किया था। उदयपुर, अजमेर समेत उनके पांच ठिकानों पर छापे मारे थे।

गृहमंत्रालय की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि आरपीएस, तत्कालीन एएसपी अजमेर दिव्या मित्तल के खिलाफ 16 जनवरी को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार



किया था। वे अभी पुलिस अभिरक्षा में है। अत: राजस्थान सिविल सेवाएं अधिनियम में शामिल प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 16 जनवरी से निलंबित किय जाता है।

आपको बता दें कि उत्तराखंड के हरिद्वार में दवा फैक्ट्री के मालिक से 2 करोड़ की रिश्वत मांगने के मामले में जयपुर रष्टक्च टीम ने अजमेर में 16 जनवरी को एएसपी दिव्या मित्तल को गिरफ्तार किया था। इस मामले में दिव्या का दलाल सुमीत अभी फरार है। दो करोड़ की रिश्वत मांगने के बाद पीड़ित से 50 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। यह राशि दो किश्तों में अदा करनी थी। पहली किश्त देते वक्त यह मामला खुला था। हालांकि एसीबी का ट्रेप फेल हो गया था, लेकिन शिकायत का सत्यापन हो गया था।

इसके बाद एसीबी ने कार्रवाई की थी। इसके बाद दिव्या मित्तल के पांच से अधिक ठिकानों पर तलाशी ली थी। इस मामले में दिव्या मित्तल ने उच्च अधिकारियों का नाम भी लिया था। इसके बाद से ही इस मामले में एसीबी की ओर से दिव्या मित्तल और अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## 18वां स्थापना दिवस... एनडीआरएफ ने 1.5 लाख जानें बचाई और 7.5 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया : नित्यानंद राय

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर नित्यानंद राय ने कहा कि एनडीआरएफ द्वारा अब तक 8,500 से ज्यादा बचाव अभियानों के दौरान लगभग 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है तथा 7.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

अपने सम्बोधन में नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में आज एनडीआरएफ आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी निस्वार्थ मानवीय सेवाओं के कारण आपदा प्रतिक्रिया और आपदा न्यूनीकरण के क्षेत्र में अपनी एक उत्कृष्ट पहचान बना चुका है और निरंतर नई ऊंचाईयों को हासिल कर रहा है।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभ में एनडीआरएफ में वाहिनियों की संख्या मात्र 8 थी, जो अब बढक़र 16 हो गयी है। इसके साथ ही एनडीआरएफ की टीमें देश के 28 शहरों में रीजनल रिस्पांस सेंटर के रूप में किसी भी आपदा में त्वरित कार्यवाही के लिए तैनात हैं। उन्होंने कहा किएनडीआरएफ देश का एकमात्र ऐसा बल है, जो देश में किसी भी क्षेत्र में आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए बहु-कुशल बचावकर्मी, उच्च तकनीक तथा आधुनिक उपकरणों के साथ कम से कम समय में पहुंचता है।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में देश में आई विभिन्न आपदाओं जैसे चक्रवात और बाढ़ के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं गृह मंत्रालय और संबंधित राज्य सरकारों के साथ आपदा से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया व भौतिक रूप से भी आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। जिससे इन आपदाओं पर काबू पाने में देश ने सफलता मिली।

नित्यानंद राय ने बताया कि एनडीआरएफ ने नेहरु युवा केंद्र संगठन के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर डिजास्टर रिस्पांस टीम विकसित करने के लिए देश के मल्टी हेजर्ड जिलों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू किया है और अब तक एनडीआरएफ अपनी सभी बटालियनों और रीजनल रिस्पांस सेंटर में 10 हजार से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर चुका है, तथा वर्ष 2024 तक 70 हजार से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नित्यानंद राय ने कहा कि इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता भारत के पास है और इस बारे में आज हर भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और परमाणु ऊर्जा विभाग के दिशा-निर्देशन में सभी हितधारकों को जागरूक करने का काम किया जाएगा जो विभिन्न देशों से आने वाले प्रतिनिधियों के आपदा-प्रबंधन की देख-रेख करेंगे।